# प्रेस नोट थाना कोतवाली
# जनपद शाहजहाँपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक 01.05.2025**

**जनपदीय एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा किया गया सराहनीय कार्य**

## "जनपदीय एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 48 घण्टे मे हत्या मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद कुलहाडी व एक अदद डण्डा के साथ दो नफर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, वाछित व वारण्टी अभि0गणो की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहाँपुर के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एस0ओ0जी0, सर्विलांस सेल व थाना कोतवाली पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 28.04.25 को थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर मे वादी श्री अखिलेश कुमार पुत्र छोटेलाल वर्मा निवासी मोहल्ला अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर व उनके भाई कमलेश व जितेन्द्र के साथ मो0 अजीजगंज मे मोमोज वाले ठेले के पास अभियुक्तगण 1. शेरु पुत्र रामभरोसे 2. रामकिशोर पुत्र सुंदरलाल 3. रामनिवास पुत्र बांकेलाल 4. सुमित पुत्र रामनिवास 5. एक अन्य अज्ञात व्यक्ति सर्व निवासीगण मोहल्ला अजीजगंज थाना कोतवाली जिला शाहजहाँपुर द्वारा विवाद किया गया जिसमे उपरोक्त अभि0गणो द्वारा श्री अखिलेश कुमार व उसके भाईयो कमलेश व जितेन्द्र के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किया । फायरिगं मे कमलेश व जितेन्द्र घायल हो गये तथा इलाज के दौरान दि0 29.04.25 को कमलेश की लखनऊ हास्पिटल मे मृत्य हो गयी। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर पर वादी श्री अखिलेश कुमार उपरोक्त की तहरीर सूचना पर मु0अ0सं0 0176/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2)/351(3) बीएनएस (बढोत्तरी धारा 103(1) बीएनएस) पंजीकृत किया गया विवेचना प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। उक्त टीम द्वारा आज दि0 01.05.25 को समय करीब 01:48 बजे अजीजगंज तिराहे से करीब 50 कदम आगे नगरिया मोड की तरफ घटना मे सम्मिलित अभि0गण 1. रामनिवास पुत्र बांकेलाल 2. सुमित पुत्र रामनिवास नि0गण मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहापुर को गिरफ्तारी किया गया तथा अभि0गणो की निशा देही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद कुलहाडी व एक अदद डण्डा को भी बरामद किया गया अभियुक्तगणो को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तारी शुदा अभियुक्तगण -**

1. रामनिवास पुत्र बांकेलाल नि0 मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
2. सुमित पुत्र रामनिवास नि0 मो0 अजीजगंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर

**अपराधिक इतिहास अभि0 रामनिवास**

मु0अ0सं0 176/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2)/351(3)/103(1) बीएनएस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

मु0अ0सं0 174/19 धारा 147/186/323/332/341/352/353/427/504/506 भादवि थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**अपराधिक इतिहास अभि0 सुमित**

मु0अ0सं0 176/25 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/115(2)/351(3/103(1)) बीएनएस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर

**बरामदगीः—**

1. एक अदद कुल्हाडी (आलाकत्ल)
2. एक अदद डण्डा (आलाकत्ल)

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधि0/कर्मचारीगण -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर
2. प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार, एस0ओ0जी0 जनपद शाहजहाँपुर मय टीम
3. प्रभारी उ0नि0 श्री मनोज कुमार, सर्विलांस सेल जनपद शाहजहाँपुर मय टीम
4. उ0नि0 श्री इतेश तोमर थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 2330 सुमित कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 आशीष थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 1750 गौरव सिंह थाना कोतवाली शाहजहापुर